| Mr. Pooja W/O Pappu Singh Mrs. Pappu Bai | 1. Issuance Date - 11-11-2024 2. MP/IDR/UJJN/A000001078 3. Total Amount Due - Rs. 6,09,094/- (Rupees six Lacs nine Thousand ninety Four Only) | H. no. 01/2 situated at village Runaheda, p.h. no. 45 ,Tehsil-Ghatiya, Distt- Ujjain, Madhya Pradesh, 456335. Total Area - 2600 SQ.ft. **Four Boundaries** - East : Road & House Of Bheru, West : Plot Of Karan Singh Mangilal, North : Road, South : House Of Bihari S/o Ramaji | 28/05/2025 Symbolic |
| Mr. MANSINGH GURJAR Mr. MAGANBAI GURJAR | 1. Issuance Date - 27-12-2024 2. MP/IDR/RTLM/A000000034 3. Total Amount Due - Rs. 7,37,730/- (Seven Lakh Thirty Seven Thousand Seven Hundred Thirty Only) | House Situated At Ph No. 46 Tax Register No. 11, Gram Bayadi, Basindra Ratlam, Bayadi, Near Market, Urban, Ratlam, Madhya Pradesh , India - 457001 Total Area - 5600 Sq.ft. **Four Boundaries** - East - Land Of Nagu Singh, West - Main Road, North House Of Uday Singh, South - House Of Mohanlal | 30/05/2025 Symbolic |
| Mr. Nagjiram S/o Ragunath Mrs. Jasoda | 1. Issuance Date - 11-11-2024 2. MP/IDR/UJJN/A00000 1 270 3. Total Amount Due - Rs.9,58,953/- 'Rupees Nine Lacs Fifty Eight Thousand Nine Hundred Fifty Three Only) | Property Situated at House No. 132/1, PH. No.- 24, Gram - Singawda Tehsil - Ghatiya, Ujjain, Madhya Pradesh , India - 456001 Total Area - 5600 Sq.ft. **Four Boundaries** - East - Road, West : House Of Umrao Singh, North : House Of Nanuram, South - House Of Jitendra | 29/05/2025 Symbolic |
| Mr. DEEPAK RAWAL Mrs. NANDNI W/o DEEPAK | 1. Issuance Date - 26-03-2024 2. MP/IDR/UJJN/A000001092 3. Total Amount Due - Rs.5,91,288/- (Rupees Five Lacs Ninety One Thousand Two Hundred Eighty Eight Only) | A House No 28, P.H.No. 47, Situated At Village Bhukhiltawarpur, Tehsil Tarana, Govt School, Rural, Ujjain, Madhya Pradesh, India – 456661 Total Area – 90.30 Sq. Mtr. **Boundaries As Per Sale Deed** - East - House Ofmahesh Rawal, West - Common Passage, North - Purchased House Of Dinesh Rawal, South - House Of Subhash Sharma | 27/05/2025 Physical |
| Mrs. SANGITA BAI Mr. GORDHAN LAL | 1. Issuance Date - 23-03-2024 2. MP/IDR/UJJN/A000000783 3. Total Amount Due - Rs. 6,65,972/- (Rupees Six Lacs Sixty Five Nine Hundred Seventy Two Only) | Gram Panchayat H.No.128, Gram Lodh Patwari Halka No. 01, Tehsil Tarana, District – Urban - Ujjain, Madhya Pradesh, India - 456668 Total Area - 275.922 Sq.Mtr. **Boundaries** - East - Common Road, West - House Of Jagdish Chandra, North - Common Road, South - House Of Arvind | 29/05/2025 Physical |
| Mr. SHER SINGH RATHORE Mrs. ASHA BAI | 1. Issuance Date - 23-03-2024 2. MP/IDR/UJJN/A000000792 3. Total Amount Due - Rs. 6,31,443/- (Rupees Six Lacs Thirty One Thousnd Four Hundred Forty Three Only) | A House No. 802, Situated At Village Jharnawda, P.H.No.19, Tehsil Tarana, Distt. Ujjain, Madhya Pradesh, India - 456665 Total Area - 91.97 Sq.Mtr. **Boundaries** - East - House Of Badrilal & House Of Balkrishna, West - Common Road, North - House Of Bhuralalji, South - House Of Badrilal & House Of Bslkrishna | 29/05/2025 Physical |
| Mr. BHARAT S/O PIRULAL Mrs. PREM BAI | 1. Issuance Date - 07-03-2024 2. MP/IDR/UJJN/A000001033 3. Total Amount Due - Rs. 4,56,809/- (Rupees Four Lacs Fifty Six Thousand Eight hundred and Nine Only) | Schedule Of The Property - A Plot No. 36/5 Situated At Village Devikheda, Gram Panchayat Devikheda, P.H.No. 22, Tehsil Tarana, District Ujjain, Madhya Pradesh, India - 456770, Total Area – 2157 SQ.Ft. **Boundaries** - East - Common Passage & Open Land Of Babulal, West - House of Babulal, North - House Of Heeralal, South - House Of Ramchandraji | 29/05/2025 Physical |
| Mrs. SANTOSH BAI Mr. BALA PARMAR | 1. Issuance Date - 26-03-2024 2. MP/IDR/UJJN/A000000983 3. Total Amount Due - Rs. 7,95,446/- (Rupees Seven Lacs Ninety Five Thousand Four Forty Six Only) | A House No 202/2, P.H.No.47, Situated At Village Bhukhi Itwarpura, Gram Panchayat Kavlikheda, Tehsil Tarana, District Ujjain, Madhya Pradesh, India - 456661 Total Area :- 115.19 Sq. Mtr. **Boundaries As Per Sale Deed** - East - Plot Of Nirbhay, West - Common Passage And House Of Chander, North - House Of Tejuram, South - Common Passage | 27/05/2025 Physical |

Borrower(s)/Guarantor's are hereby put to caution that the property may be sold at any time herein after by way of public aution/tenders and as such this may also be treated as a notice under Rule 6, 8 & 9 of Security (interest) Enforcement Rules, 2002. Authorised Officer Mobile No.- **Vaibhav Shrivastav - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 84355 71111, Shivam Sharma - 75099 99827, Pankaj Joshi - 96445 23578**

Date: 01.06.2025 — Authorised Officer, Hinduja Housing Finance Limited

## संक्षिप्त समाचार

### दो ट्रक और एक ऑटो की टक्कर से ट्रक चालक की मौत, एक गंभीर

सीधी। जिले में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यहां दो ट्रक और एक ऑटो की टक्कर हो गई। हादसे में मिनी ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल है। हादसा इतना भीषण था कि मिनी ट्रक के परखच्चे उड़ गए। किसान पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार घटना शनिवार सुबह 8 बजे की है। जमोही थाना क्षेत्र के एनएच-39 बायपास पर दो ट्रक और एक ऑटो की टक्कर में एक मिनी ट्रक चालक की मौत हो गई। ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल है। हादसे में दोनों ट्रक पलट गए और ऑटो दोनों के बीच फंस गया। जमोही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। पलटे हुए ट्रक के नीचे ऑटो पूरी तरह दब गया था। पुलिस और स्थानीय लोगों ने ऑटो में फंसे घायल चालक को निकाला। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृत ट्रक चालक का शव स्टेयरिंग में फंसा है। उसे निकालने का काम जारी है।

### नीमचः सड़क हादसे में महिला की मौत, वित्तीय में चक्काजाम

नीमच। मध्य प्रदेश के नीमच जिले में एक सड़क हादसे में घायल महिला की मौत के बाद परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार शाम को मनासा थाना क्षेत्र के ज्ञानपुरा गांव में 407 ट्रक ने मंजू ओझ को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल मंजू को पहले मनासा सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें नीमच जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान रात में उनकी मौत हो गई। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप गया। इसके बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने ज्ञानपुरा के सुआ सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। उनकी मांग थी कि ट्रक चालक पर कड़ी कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। लगभग तीन घंटे तक चला चक्काजाम ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजे के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ।

### नर्मदा नदी में तीन युवक डूबे, दो को बचाया, एक युवक लापता

खंडवा। ओंकारेश्वर में ब्रह्मपुरी घाट पर शनिवार दोपहर नर्मदा नदी में तीन युवक डूब गए। मौके पर मौजूद गोताखोरों ने दो युवकों को सुरक्षित निकाल लिया, लेकिन एक युवक का पता नहीं चल सका है। गोताखोरों की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है। उत्तर प्रदेश के कानपुर से 20 लोग परिवार के साथ ओंकारेश्वर दर्शन के लिए आए थे। शनिवार दोपहर को सभी ब्रह्मपुरी घाट पहुंचे। यहां तीनों युवक नदी में नहाने के लिए उतर गए। इस दौरान तीनों ही युवक डूबने लगे। घाट पर तैनात होमगार्ड चंद्रमोहन गौर और एसडीआरएफ जवान अंकित वर्मा ने नाविकों के साथ मिलकर दो युवकों को डूबने से बचा लिया। लेकिन कृष्णा साहू (21) पुत्र संतोष साहू, निवासी सनया गहरे पानी में गया गया और डूब गया। उसे बचाने की कोशिश की गई, लेकिन वह नर्मदा की गहराइयों में समाता ही गया। पुलिस के मुताबिक, दो को सुरक्षित निकाल लिया गया, कृष्णा की तलाश के लिए गोताखोरों की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है। बता दें कि ओंकारेश्वर में यह एक सप्ताह में तीसरी डूबने की घटना है।

### ओरछा रामराजा सरकार के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत

निवाड़ी। पुष्य नक्षत्र में ओरछा के रामराजा सरकार के दर्शन के लिए आए एक श्रद्धालु को हार्टअटैक आ गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालु को संभाला और सीपीआर दिया। श्रद्धालु की हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां उनकी मौत हो गई। पटना के सन्या जिले के एसपी राघवेंद्र नरवरिया मंदिर के बाहर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। जानकारी के अनुसार बाहुट पुरा तेज सिंह के रहने वाले जनक बघेल (50) अपने दोस्तों के साथ रामराजा के दर्शन करने आए थे। दोपहर करीब 12 बजे जैसे ही वे मंदिर में प्रवेश करने वाले थे उन्हें चक्कर आ गए। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें संभाला और कुर्सी पर बैठाया। हालत बिगड़ने पर इंस्पेक्टर संदीप यादव ने सीपीआर देना शुरू किया। श्रद्धालु की हालत बिगड़ने पर तुरंत बिना देरी के ओरछा थाना प्रभारी रामबाबू शर्मा ने थाने की गाड़ी से सबसे हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां कुछ देर चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।

# पहले दी कैंसर को मात अब दूसरों को कर रहे जागरूक

**अब तक 70 से अधिक लोगों ने गुटखा और तंबाकू से दूरी बना ली**

स्वदेश संवाददाता ■ ग्वालियर

सिगरेट और तंबाकू जनित उत्पादों के उपयोग से शरीर पर अनेक प्रकार के दुष्प्रभाव पड़ते हैं। इसके सेवन से जहां फेफड़े, बड़ी आंत, लिवर और मुंह के कैंसर होने की संभावना है, वहीं यह डायबिटीज, हृदय रोग और रक्तचाप को भी बढ़ाता है। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो तंबाकू के सेवन से कैंसर की चपेट में आए और अब दूसरों को तंबाकू की लत को छुड़वा रहे हैं। इन्हीं में से एक ही अल्कापुरी निवासी राजेन्द्र चतुर्वेदी, जिन्होंने पहले कैंसर को मात दी और अब लोगों को गुटखा छोड़ने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

राजेन्द्र एसबीआई बैंक से सेवानिवृत्त हैं। कॉलेज के समय दोस्तों के साथ उन्हें गुटखा खाने की लत लग गई थी। अप्रैल 2017 में उनकी जीभ में एक छाला हुआ और चिकित्सक ने कैंसर की पुष्टि की। इस पर वह मुम्बई पहुंचे और अपना ऑपरेशन कराया। वह कहते हैं कि उपचार के दौरान उन्हें पहली बार तंबाकू की भयावहता का आभास हुआ। क्योंकि इलाज काफी तकलीफदेह रहा, ऑपरेशन के बाद आठ माह तक उन्हें खाने पीने में काफी परेशानी हुई।

उपचार पूरा होने तक करीब 28 लाख रुपए खर्च हो गए। राजेन्द्र बताते हैं कि एक बुरी आदत ने उनको आर्थिक और शारीरिक रूप से काफी परेशानियां दीं। जिसके बाद उन्होंने ठान लिया कि वह किसी अन्य को इस तकलीफ से गुजरने नहीं देंगे। इसी के चलते आज उनके प्रयास से अब तक 70 से अधिक लोगों ने गुटखा और तंबाकू से दूरी बना ली है।

### तम्बाकू से सबसे ज्यादा कैंसर युवाओं को

जयारोग्य के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय मंडेल का कहना है कि गुटखा-खैनी सहित अन्य तंबाकू उत्पाद के शौक के चलते युवाओं में कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। क्योंकि तंबाकू में टार की मात्रा से गाल, होंठ, तालु, जीभ, मुंह और गले का कैंसर बन जाता है। अगर समाज से तंबाकू के उत्पादों को हटा दिया जाए तो 40 प्रतिशत मरीज अपने आप ही घट जाएंगे।

### सिगरेट ने ली पिता की जान अब कर रहे दूसरों को दे रहे समझाइश

बिरला नगर निवासी 22 वर्षीय अमन तोमर के पिता की मृत्यु सिगरेट की वजह से हुई थी। अमन बताते हैं कि उनके पिता बस चालक थे और सिगरेट का सेवन करते थे। एक दिन पिता को खाने पीने में परेशानी हुई तो चिकित्सक के पास दिखाने पहुंचे। चिकित्सक ने जांच कराई तो पैंक्रियाज निकला। लेकिन कुछ दिनों तक दवा लेने के बाद भी जब वह ठीक नहीं हुए तो जयारोग्य के कैंसर रोग विभाग में दिखाया। जहां जांच कराई तो कैंसर की पुष्टि हुई और चिकित्सक ने दिल्ली या मुम्बई ले जाने की बात कही। लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी कि पिता का बड़े शहर जाकर उपचार करा सके और उनकी मौत हो गई। अमन कहते हैं कि पिता की कमाई से ही पूरा घर चलता था और मृत्यु के बाद पूरा घर बिखर गया। इसलिए अगर उन्हें कोई व्यक्ति सिगरेट पीता हुआ दिखाई देता है तो वह उसे छोड़ने की बात कहते हैं।

### तम्बाकू में 7 हजार प्रकार के केमिकल, प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन नहीं

तम्बाकू में 7000 प्रकार के केमिकल हैं, जिसमें से 50 से ज्यादा प्रकार के केमिकल शरीर के किसी भी भाग में कैंसर पैदा करने में सक्षम होते हैं। सरकार द्वारा तम्बाकू को खाद्य पदार्थ में मिलाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बैन किया गया है। तम्बाकू के लत का शिकार 25 साल तक के युवाओं में होने की संभावना ज्यादा रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए शिक्षण संस्थान, कोचिंग इंस्टीट्यूट के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। पूर्णतः प्रतिबंधित है। लेकिन उसके बाद भी प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन नहीं होता। इसलिए जिम्मेदारों को प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन कराना चाहिए। जिससे युवा तम्बाकू से दूर रह सके।

करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद बनाई गई सब्जी मंडी में शुरू नहीं हो सकी नीलामी

# जिले से बाहर जा रही लाखों की प्याज, बिचौलिए हो रहे मालामाल

स्वदेश संवाददाता ■ सतना

कृषि उपज मंडी परिसर में करोड़ों रुपए खर्च कर सब्जी मंडी तो बनाई गई है लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते यहां पर सब्जी की नीलामी का काम कई वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका है। जिले के प्याज उत्पादक किसानों को स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण औने पौने दाम में अपनी प्याज की उपज बिचौलियों को बेचना पड़ रहा है।

कम दाम में प्याज खरीदने के लिए जिले के गांव-गांव में एजेंट घूम रहे हैं जिसके चलते प्रतिदिन दस से बीस ट्रक माल दूसरे प्रदेशों में भाड़े से भेजा जा रहा है। लेकिन मंडी का टैक्स के नाम पर एक धेला नहीं मिल पा रहा है। जिले में इस साल प्याज की बंपर पैदावार हुई है रोजाना कई ट्रक प्याज सतना जिले से दूसरे प्रदेशों से भाड़े से भेजा जा रहा है लेकिन मंडी के जिम्मेदार अपनी आंख मूंदे हुए हैं। मंडी कर्मचारियों की निष्क्रियता के चलते शासन को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### 6 रुपए किलो में खरीद रहे बाहरी व्यापारी

जानकारी की माने तो इन दिनों बाहर से आए व्यापारी और उनके एजेंट काली खाड़ में प्याज की खरीदी गांव-गांव जाकर कर रहे हैं। इन व्यापारियों द्वारा किसानों से कुछ दिनों पहले तक 10 से 11 रुपए के भाव से प्याज की खरीदी की जा रही थी लेकिन अब माल 6 से 7 रुपए किलो के हिसाब से प्याज की खरीदी की जा रही है। जबकि सतना मंडी में फुटकर प्याज 15 रुपए किलो के भाव पर बिक रही है।

### मंडी में नीलामी से परहेज

कृषि उपज मंडी अंतर्गत बनाई गई सतना सब्जी मंडी में प्याज की आवक इन दिनों नहीं के बराबर नजर आ रही है। बताया गया कि कृषि उपज मंडी में बनाई गई सतना सब्जी मंडी के व्यापारी प्याज खरीदने के लिए तैयार हैं लेकिन मंडी प्रशासन द्वारा प्याज की नीलामी का काम नहीं कराए जाने से किसान भी मंडी प्याज बेचने नहीं पहुंच रहे हैं।

### बंपर पैदावार, किसान मायूस

विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो जिले में प्याज का रकबा हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। एक आकलन के मुताबिक जिले के रामपुर बाघेलान में लगभग 1200 हेक्टेयर, मझगवां में 1300, उचेहरा 9000, नागौद 1000, मैहर 1000,अमरपाटन 900 एवं रामनगर में 800 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर प्याज का उत्पादन किया गया। बावजूद इसके किसानों को लागत के अनुपात में प्याज बेचने पर कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है। प्याज की कीमत गत वर्ष सीजन में 20 रुपए किलो थी जो कि इस वर्ष दस रुपए से घटकर छह रुपए पर पहुंच गई है। जिस वजह से किसानों के बीच मायूसी नजर आ रही है। बारिश अधिक होने पर प्याज के खराब होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है ऐसे में किसानों को मजबूरी में अपनी प्याज औने-पौने दामों में बेचना पड़ता है। चार साल पहले सतना जिले में किसानों को अपनी प्याज दो से तीन रुपए किलो के भाव से बेचना पड़ गया था। हालांकि इस वर्ष सीजन की शुरुआत में ही गत वर्ष से ज्यादा प्रतिशता कम दाम में प्याज की खरीदी का काम व्यापारियों द्वारा शुरू किया गया था जो कि कुछ ही दिनों में घटकर छह से सात रुपए किलो पर पहुंच गई।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी हितग्राहियों और मासूमों को मिलेगा पोषण आहार

**जिले में कुल 789 खेत तालाबों का होगा निर्माण**

स्वदेश संवाददाता ■ ग्वालियर

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के गांव-गांव में तेजी के साथ किसानों के खेतों पर खेत तालाब आकार ले रहे हैं। सरकार द्वारा इस साल ग्वालियर जिले में 789 खेत तालाब बनाने का लक्ष्य दिया गया है, जो पिछले सालों से कहीं अधिक है।

जनसम्पर्क अधिकारी हितेन्द्र सिंह भदौरिया ने शनिवार को बताया कि जिले की मुरार जनपद पंचायत के ग्राम रसूला में सीता कुशवाह ने अपनी जमीन पर खेत तालाब का निर्माण कराया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मंजूर हुए इस तालाब से अब तक 25 श्रमिकों को 150 मानव दिवस का रोजगार मिल चुका है। इसी तरह अन्य गांवों में कुल मिलाकर 849 किसानों के खेतों पर जल सहेजने के लिये खेत तालाब बनाने का काम शुरू हो चुका है और इनसे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। जिले की जनपद पंचायत घाटीगांव में 163, मुरार में 195, डबरा में 204 एवं जनपद पंचायत भितरवार के अंतर्गत 238 खेत तालाब के कार्य जारी है। खेत तालाबों की सिंचाई होगी। साथ ही जल सार बढ़ाने में भी ये तालाब मदद करेंगे।

**रीचार्ज के काम भी जिले में वर्तमान में चल रहे :** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाबों के निर्माण के साथ-साथ 794 डगवेल रीचार्ज के काम भी जिले में वर्तमान में चल रहे हैं। बड़े पैमाने पर एक ही स्थान पर जल सहेजने के लिये सरकार द्वारा इस साल जिले को 12 अमृत सरोवर का लक्ष्य दिया गया है। प्रत्येक अमृत सरोवर में लगभग 10 हजार घन मीटर पानी का संग्रहण होगा। पिछले अनुभव बताते हैं कि जहां-जहां भी अमृत सरोवर बनाए गए हैं वहाँ पर भूजल स्तर में बढ़ा इजाफा हुआ है। आसपास के सभी बोरवेल इससे स्थान ही रीचार्ज हो जाते हैं।


**कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटेरी जिला- विदिशा (म.प्र.)**

ई निविदा सूचना

क्रमांक/सी.एच.सी./2025 दिनांक 31/05/2025

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत वर्ष वित्तीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटेरी द्वारा आवश्यक विविध मुद्रण दिनांक 2025-26 के हेतु में मुद्रित किया जाना है कि सभी व्यक्तियों के लेखन प्रकाशन हेतु दरविदूत निविदाकारी, फर्मों या अधिकृत विक्रेताओं से लेखन/प्रकाशन सामग्री आवेदित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र, शर्तें व अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु दिनों कार्यालय अवधि के दरों से 5000/- (पांच हजार रुपये) जमा कर आवेदन की मूल्य निर्धारित दरों प्रपत्र एवं अन्य जानकारी दिनांक 06/06/2025 को 11 बजे तक प्राप्त की जावेगी।

| क्र. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत रु. | धरोहर राशि रु. | निविदा प्रपत्र की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | विविध, छपाई, स्टेशनरी | 200,000/- वार्षिक | 5000/- | 02 जून से 04 जून 25 तक | 06-जून-25 |

शर्तः निविदा की विस्तृत जानकारी, आवेदन करने का पूर्ण अधिकार चिकित्सा अधिकारी लटेरी का होगा।

हस्ता/- चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
लटेरी जिला- विदिशा (म.प्र.)



AMBIT Finvest Proud to be partner | AMBIT

**एम्बिट फिनवेस्ट प्राईवेट लिमिटेड**

सीआईएन: U65999MH2006 PTC
रजिस्टर्ड आफिस: एमबिट हाउस, 449 सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल मुंबई 400013

**कार्यालय सूचना**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि शाखा कार्यालय स्थित है।

201, द्वितीय तल बाना चार्टर फ्लाट नं. 30
रेलवे ट्रैक के सामने जोन-2 महाराणा प्रताप नगर भोपाल म.प्र. 462011
01 सितंबर 2025 से बंद रहेगा।

भविष्य में सभी पत्राचार निम्नलिखित पतेके से हमारे संभाग कार्यालय के शाखा कार्यालय को भेजे जाने चाहिए।

**एम्बिट फिनवेस्ट प्राईवेट लिमिटेड**
कार्यालय नं. 102, इमाम सत 9/11 एम.जी. रोड इन्दौर. 452001
ईमेल आईडी- customercare@ambit.co दूरभाष नं.- 919115998000

स्थान: भोपाल
दिनांक: 01.06.2025

हस्ता/-
एम्बिट फाइनेंस लिमिटेड की ओर से


# बुरहानपुर में रपटों पर जान जोखिम में डाल रहे लोग

बुरहानपुर। बुरहानपुर में खंडियाखेड़ा क्षेत्र में हुई भारी बारिश के बाद घासला-हैदराबाद मार्ग के रपटे से पानी बह निकला। इसके बाद शनिवार को कई लोग जान जोखिम में डालकर पैदल और बाइक से रपटा पार करते देखे गए। ग्रामीण कुंदन भोपटे और बनराज राठौड़ ने यहां चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

# हुरावली चौराहा की पुलिया खोद डाली, बारिश में होगी परेशानी

स्वदेश संवाददाता ■ ग्वालियर

हुरावली सिरोल थाना के पास बनी पुलिया पर पुल बनाने के लिए नगर निगम ने जेसीबी मशीन से उस स्थान को खोदकर डाल दिया है। जिससे यहां गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। मानसून विभाग ने अच्छी बारिश की घोषणा भी कर दी है। ऐसे में खुदी हुई पुलिया यहां के रहवासियों के लिए भारी मुसीबत बन सकती है।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष शहर में जबरदस्त बारिश के कारण रामौआ डैम से आए पानी के बहाव से पुलिया का आधे से अधिक हिस्सा बह गया था। इसके बाद नगर निगम के जनकार्य विभाग ने जैसे-तैसे 3 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से इस पुलिया को बनाने का काम शुरू किया जो महज कुछ दिन चलकर बंद हो गया है। पुलिया के दूसरी तरफ बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जो बारिश के समय खतरनाक साबित हो सकते हैं, क्योंकि इन गड्ढों में पानी भर जाएगा जिससे किसी न किसी की जान तक जा सकती है। पुलिया का एक हिस्सा बह जाने के कारण यहां आने-जाने वाले छोटे व बड़े वाहनों को सकरे और जीर्ण-शीर्ण रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे आए दिन यहां दुर्घटना का खतरा बना रहता है। रात में स्थिति और भयानक हो जाती है। पुलिया के आगे सरकारी कार्यालय और बड़ी-बड़ी टाउनशिप बनी हैं जिसमें बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। इस पुलिया निर्माण की लागत 3 करोड़ 68 लाख रुपए है।

**मौसम की मार** फलों की बंपर आवक के कारण दाम निचले स्तर पर, खरीदार नहीं मिल रहे

# बारिश में फल बीमार, तीन रुपए किलो में मिल रहे तरबूज

स्वदेश संवाददाता ■ इंदौर

1 महीने की बेमौसम बारिश और तेज हवा-आंधी से लगभग लगातार गिरने के साथ ठंडक के साथ उमस भी है। इसका असर फलों पर भी साफ दिख रहा है। आवक तो खूब हो रही है पर खरीदार कम ही हैं। थोक में आम 30 से 50 रु. किलो आ गया है है तो खरबूजा और तरबूज 3 रुपए किलो तक बिकने से किसानों को मंडी भाड़ा भी नहीं निकल रहा है।

मार्च से ही इंदौर के रेडियस 100 किलोमीटर में किसानों ने रबी सीजन के बाद खाली खेतों की जमीन पर तरबूज और खरबूजे की भरपूर खेती की थी।

उत्पादन भी अच्छा रहा, लेकिन उनको लागत भी निकालना इस बार मुश्किल हो रहा है। यहां तक कि पिछले एक सप्ताह में मंडी भाड़ा भी नहीं निकलने से किसान मुआवजा तक की मांग करने लग गए हैं। इंदौर के चोइथराम मंडी में तरबूज 3 से 5 और खरबूजा 3 से 4 रुपए प्रतिकिलो तक बिक गया है, जिसके चलते किसानों को मंडी आने की लागत भाड़ा भी नहीं निकल रहा है।

**आम की आवक भी बढ़ी :** तेज हवा आंधी में आम की आवक तो बढ़ी है, दाम भी 30 से 50 रुपए तक नीचे आए हैं पर आमजन को 60 से 80 रु. ही खरीदना पड़ रहा है। मंडी में व्यापारी नरेश फुटवानी ने बताया कि बादाम 30 से 50 रुपए, सुंदरी के भी दाम तकरीबन यही है। गुजरात तरफ से भी आवक सीमित है, यहीं उत्तरप्रदेश का आम का स्वाद कमजोर है और कच्चा होने से मांग नहीं बढ़ पा रही है। ठंडे गरम मौसम में लोगों की रुचि खिलाहत फलों के प्रति कम ही है।

### बारिश और ठंडक की पड़ रही मार

सिंधौरी के किसान नेता कमल सिंह डाबी, लसुड़िया के शितीषसिंह पवार ने बताया कि फल उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए और नुकसानी के समय सरकार को निमिमम 10 रु. किलो और किसानों की मेहनत का मुआवजा भी मिलना चाहिए। बेमौसम बारिश के चलते ठंडक और उमस होने से आमजन भी जूस को कम ही पसंद कर रहा है, जिससे मौसंबी और पाइनएपल का उठान नहीं होने से दाम में 20 से 30 रुपए प्रतिकिलो की गिरावट दर्ज की गई है। मौसंबी 25 से 45 रुपए और पाइनएपल 20 से 40 रुपए किलो बिक रहा है।

# बायसन का हमला वनरक्षक घायल

मंडला। कान्हा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत फेन अभयारण्य में वनरक्षकों गश्त के दौरान एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब एक जंगली बायसन ने ड्यूटी पर तैनात वनरक्षक दितेष कुमार राजक पर अचानक हमला कर दिया। हमले में वनरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें पहले जिला अस्पताल, फिर मंडला जिला अस्पताल और अंतत: जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना सोमवार सुबह बाघडोंगरिया बीट की है, जहां वनरक्षक दितेष राजक फेज-4 टूरिस्ट लाइन सर्वे के तहत वनग्रामियों की गणना कर रहे थे।


**वनसोर्स इंडस्ट्रीज एंड मैनेजर्स लिमिटेड**

(पूर्व में वनसोर्स आईसिस्टम मैनेजमेंट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
CIN: L45201MP1994PLC029662

पंजी. कार्यालय पता: 56, मार्केट-सी व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, 2 एम्पायर स्टेट एम.पी. नगर मुख्यविद्यावसायिकी जिले 2, एम.पी. विजय नगर, भोपाल, मुख्य आवेदन, पत्रांक-462004
ईमेल आईडी: cs@vsivl.com वेबसाईट: www.vsivl.com फोन नं.: +91 9201 1001

31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | अंकेक्षित वित्तीय परिणाम | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 31.03.2025 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.03.2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2024 अंकेक्षित |
| 1 | प्रतिभाजन से कुल आय | 1,661.28 | 376.12 | 7,005.52 | 909.99 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/या असाधारण मदों से पहले) | (7.79) | (34.66) | 153.12 | 4.11 |
| 3 | कर से पहले अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | (7.79) | (34.66) | 153.12 | 4.11 |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | (7.79) | (18.05) | 112.64 | 0.86 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल) | (7.79) | (18.05) | 112.64 | 0.86 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजीगत | 307.50 | 307.50 | 307.50 | 307.50 |
| 7 | प्रति शेयर आय (क्रमांक 10,/- की) (चालू और बंद प्रचालन के लिए) 1. बेसिक: 2. डायलुटिड: | (0.03) (0.03) | (0.00) (0.00) | 3.27 3.27 | 0.13 0.13 |

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण) विनियम, 2015 के अंतर्गत वार्षिक वित्तीय परिणामों के 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.vsivl.com पर उपलब्ध है। ये परिणाम कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानक के अनुसार तैयार किए गए हैं।

कृते और बनसोर्स इंडस्ट्रीज एंड मैनेजर्स लिमिटेड की ओर से
(पूर्व में वनसोर्स आईसिस्टम मैनेजमेंट के नाम से जाना जाता था)
हस्ता/-
प्रबंध निदेशक एवं सीएफओ
डीआईएन: 00000000

स्थान: भोपाल
दिनांक: 30.05.2025